>

Title: Need to provide adequate quantity of fertilizers to farmers in Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): महोदय, सदन के माध्यम से माननीय रसायनिक एवं उर्वरक मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि बिहार में उर्वरकों की काफी किल्लत है। किसानों को अधिक मूल्य में खाद खरीदना पड़ता है। इस महत्वपूर्ण समस्या के बारे में माननीय मंत्री जी बिहार में विभिन्न खाद कम्पनियों को अधिक से अधिक खाद के रैक उपलब्ध कराने का निर्देश देने का कष्ट करें, जिससे कि समस्या का निदान हो सके। अभी गेहूं की खेती का पीक पोजीशन है। मेरी जानकारी के अनुसार खाद का आबंटन, जो राज्यों को मिला है, वह पहले के वर्षों से आधी है। इसलिए खासकर बिहार में उर्वरकों का आबंटन बढ़ाया जाये और रैक की व्यवस्था करवा कर विभिन्न कम्पनियों को निदेश दिया जाये कि इसे उपलब्ध करवायें।